Publication : Rashtriya Prastavana	Edition : Lucknow
Date : June 18, 2019	Page: 2

बैंक ऑफ बड़ौदा ने एसएचजी बैंक लिंकेजश्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किया

लखनऊ। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा को एसएचजी बैंक लिंकेज के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान एसएचजी वित्तपोषण में बैंक के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीएवाय-एनआरएलएम, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह पुरस्कार दिया गया। बैंक की ओर से यह पुरस्कार जनरल मैनेजर-चीफ कोऑर्डिनेशन, एग्रीकल्चर एंड एफआई श्री बी.आर. पटेल ने हासिल किया। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव आईएएस सुश्री लीना जौहरी ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार श्री संजीव कुमार और नाबार्ड के जनरल मैनेजर श्री मिथिलेश कुमार भी उपस्थित थे। नई दिल्ली में 11 जून, 2019 को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए एसएचजी क्रेडिट लिंकेज की वार्षिक योजना पर परामर्श के दौरान यह अवार्ड प्रदान किया गया। प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को भी उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में एसएचजी लिंकेज 2018-19 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।